(d) The control measures for Meningitis consists of the following :

—early reporting of cases by para-medical health personnel so that all suspected cases are treated in hospitals.

—constituting medical teams to visit the affected areas to detect and diagnose cases.

—treatment of patients by providing suitable drugs viz. crystalline Benyl Penicillin and Chloramphenicol.

—vaccination of medical and para-medical personnel who attend patients and casualty department.

—providing protection to persons who may come into contact with patients by giving them sulphadiazine.

: डाक्टरों द्वारा हड़तालें

738. श्री संतोष बागड़ोदिया : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान दिल्ली के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में जूनियर डाक्टरों द्वारा की गई हड़तालों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) इन हड़तालों के कारण क्या थे तथा प्रत्येक हड़ताल की अवधि क्या थी; और

(ग) सरकार द्वारा इन हड़तालों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) और (ख) केन्द्रीय सरकार और दिल्ली प्रशासन के अस्पतालों तथा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली, स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चण्डीगढ़ और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान बंगलौर के जूनियर डाक्टर अपनी मांगों के समर्थन में 16 मई, 1989 से हड़ताल पर थे । उनकी मांगें थीं—600/-रुपए प्रैक्टिस -बंदी भत्ता परिलब्धियों पर शत-प्रतिशत महंगाई भत्ता और 1-1-1986 से बकाया राशि का भुगतान, जूनियर रेजीडेंटों के लिए 100/- रुपए का तथा सीनियर रेजीडेंटों के लिए 200/- रुपए का आकस्मिक भत्ता तथा 1-1-87 से बकाया भुगतान, रेजीडेंसी को नियमित सरकारी सेवा आदि के लिए सेवाकालीन अवधि मानना । जूनियर डाक्टर परिसंघ के प्रतिनिधियों और सरकार के बीच एक समझौता हो जाने से यह हड़ताल 1-7-89 को समाप्त हो गई । इससे पहले जूनियर डाक्टर अपनी परिलब्धियों में संशोधन की मांग के लिए 11 से 13 नवम्बर, 1986 तक तीन दिन की हड़ताल पर चले गए थे । जब यह हड़ताल जूनियर डाक्टर परिसंघ के प्रतिनिधियों और सरकार के बीच समझौता हो जाने से 13 नवम्बर, 1986 को समाप्त हो गई थी ।

(ग) चूंकि जूनियर डाक्टर अपनी स्वयं की मांगों के समर्थन में हड़ताल पर गए थे, इसलिए किसी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का प्रश्न नहीं उठता ।

राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के उपभोक्ताओं को एस०टी०डी० की सुविधाएं

739. श्री संतोष बागड़ोदिया : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में कितने टेलीफोन एक्सचेंजों से उपभोक्ताओं को एस०टी०डी० की सुविधायें करवाई जा रही हैं ;

(ख) क्या चालू वर्ष के दौरान उस जिले में कुछ और टेलीफोन एक्सचेंजों को एस०टी०डी० नेटवर्क से जोड़े जाने का विचार है ; और

(ग) यदि हां, तो उनका ब्यौरा है ?